जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-22 | जयपुर, सोमवार, 10 जून, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री ने उदयपुर में महाराणा प्रताप जयंती समारोह का किया शुभारंभ

**उदयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल राजस्थान और भारत अपितु पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी वीरता, शौर्य और देशभक्ति को काल और भौगोलिक सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है। महाराणा प्रताप के जीवन से विषम परिस्थितियों में भी पीछे नहीं हटने तथा सदैव, सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाना हमारी सरकार का लक्ष्य है और इस दिशा में 100 करोड़ रूपए की लागत से महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को उदयपुर के टाईगर हिल स्थित प्रताप गौरव केंर्द्र, राष्ट्रीय तीर्थ परिसर में आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रताप गौरव केंद्र पर आकर जिस गौरव की अनुभूति हो रही है उसे शब्दों में कहना असंभव है।

मुख्यमंत्री ने वीर प्रसूता मेवाड़ धरा को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है और इस राजपूताने में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है। उन्होंने महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की शौर्यगाथा, मां पन्नाधाय के बलिदान, भामाशाह के सर्वस्व अर्पण तथा बप्पा रावल, महाराणा कुंभा और महाराणा सांगा की वीरता, पराक्रम को भी याद किया।

## तीसरी बार भारत देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (हमारा वतन) ।** नरेंद्र दामोदरदास मोदी लगातार तीसरी बार भारत देश के प्रधानमंत्री बन गए हैं। मोदी ने रविवार की शाम तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली । इस दौरान सांसदों ने भी शपथ ग्रहण की । इससे पहले शुक्रवार को मोदी को एनडीए का नेता चुना गया और राष्ट्रपति को सरकार बनाने का दावा पेश किया गया। वहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री को सरकार बनाने का न्योता दिया। शुक्रवार को नरेंद्र मोदी संसद पहुंचे उन्होंने संविधान को नमन किया और सोशल मीडिया पर लिखा- मेरे जीवन का हर पल डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए भारत के संविधान के महान मूल्य के प्रति समर्पित है। यह हमारा संविधान ही है जिससे एक गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को भी राष्ट्र सेवा का अवसर मिला है।





## बाल वाहिनियों को लेकर आदेश जारी-अब शिक्षा अधिकारियों के साथ अभिभावक भी करेंगे जांच

**जयपुर (हमारा वतन)।** शिक्षा विभाग अब निजी स्कूलों पर नकेल कसने जा रहा है। स्कूल की बाल वाहिनियों में दुर्घटना, अनियमितता, मारपीट, छेड़छाड़ सहित अन्य वारदातों को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। बाल वाहिनियों के निरीक्षण के लिए स्कूल की यातायात समिति गठित करनी होगी। इसमें अभिभावक शामिल होंगे। ऐसे में अभिभावक भी बाल वाहिनियों की जांच कर सकेंगे। शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी सहित एसपी व जिला परिवहन अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आदेश के तहत स्कूल जस का रंग सुनहरी पीला ही होगा। आगे-पीछे स्कूल बस लिखना होगा। अनुबंधित बस, ऑटो, कैब या वैन पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखने के साथ पीछे व साइड में 150 मिमी चौड़ाई की सुनहरी पीले रंग की पट्टी बनानी होगी। दरअसल बाल वाहिनियों से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ही अब बाल वाहिनियों की समय समय पर जांच होगी और इसमें अभिभावक भी शामिल होंगे। बस में ड्राइवर से संपर्क से संबंधित जानकारियां, वाहन स्वामी का नाम, चाइल्ड हेल्प लाइन, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग हेल्पलाइन नंबर और वाहन की पंजीयन संख्या चमकीले रंग में स्पष्ट रूप से लिखना होगा। चालक के पास पांच साल का अनुभव व पांच वर्ष पुराना वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है।




स्कूल स्तरीय प्रबंधन संबंधी सदस्य व 5 अभिभावकों को शामिल कर स्कूल स्तरीय बाल वाहिनी यातायात समिति का गठन करना होगा, जो वाहनों का नियमित निरीक्षण करेगी। बाल वाहिनी से कक्षावार आने वाले विद्यार्थियों की सूची कक्षा अध्यापक के पास होगी। कक्षा अध्यापक सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों से पेटिका के माध्यम से प्राप्त समस्याओं के समाधान के लिए रिपोर्ट तैयार कर संस्था प्रधान को उपलब्ध कराएगा। संस्था प्रधान प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस को वाहिनी संचालकों के साथ बैठक करेंगे और समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिला परिवहन अधिकारी नियमित रूप से अपने स्तर पर या संयुक्त अभियान में बाल वाहिनी वाहनों की जांच करेंगे और त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करेंगे।

## शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती कार्यक्रम 11 अगस्त को

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री रघुनाथ मंदिर, चौपड़, चौमूं पर संरक्षक शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री के सानिध्य एवं प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी पदाधिकारीयो की सहमति से 11 अगस्त 2024, रविवार को कागलिया वाले बालाजी मंदिर में शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के लिए समितियाँ गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन 15 जून 2024 से प्रारंभ किए जाएंगे। कार्यक्रम को विधिवत संपन्न करवाने के लिए आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा, पं. कैप्टन श्रीराम शर्मा, पं. जयप्रकाश शर्मा, पं. अमित शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस दौरान पदाधिकारीयो में बनवारी लाल शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, चंद्र प्रकाश शर्मा, एडवोकेट अजय कुमार शर्मा, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, डॉ. बंशीधर शर्मा, डॉ. पवन कुमार तिवाडी, नारायण लाल शर्मा, अशोक रेवडका, बनवारी लाल भातरा, डॉ. सीताराम कुमावत, सुनीता शर्मा, मंजू माहेश्वरी, राजेश महेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे ।

## महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर प्रताप सेना ने आयोजित किया भव्य सम्मान समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रताप सेना द्वारा गुलाबी नगर जयपुर के शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष सभी अतिथियों ने माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रताप सेना के संस्थापक अध्यक्ष दशरथ सिंह पंवार ने बताया कि समारोह में जयपुर हेरीटेज महापौर मुनेश गुर्जर, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला और सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में जितेंद्र सिंह जादौन उर्फ जोजो ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। सभी ने उनकी वीरता और धीरता की प्रशंसा की,क्योंकि प्रताप ने लाखों कष्ट सहकर भी अकबर की दासता स्वीकार नहीं की थी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा और महासचिव महेश सोलंकी ने बताया कि समारोह के दौरान प्रताप सेना के कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति को प्रताप सेना का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



सभी अतिथियों को तिलक लगाकर, दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया।सम्मान समारोह में राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश पंवार, कोषाध्यक्ष विजय महाकाल, वरिष्ठ सचिव प्रकाश चौधरी गुढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव सोनी, संगठन महामंत्री पवन सिंह नेवरी, खेल मंत्री सतीश वर्मा, सांस्कृतिक मंत्री नागेश शर्मा, प्रचार मंत्री कीर्ति तोषनीवाल, प्रवीण मैढ़ क्षत्रिय सोनी, राहुल धानका,तन्नु मिश्रा,आशा शर्मा,विजेता सिंह, अनीता मीना, मीना सोलंकी,आकांक्षा सिंह,हीना कँवर,नोखे लाल महतो, संजय मिश्रा, मनोज शर्मा, सुरेश सैनी,चन्दन रावत,रामाशीश प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे ।



# गौरा देवी सम्मान से सम्मानित हुए वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी



उत्तराखंड (हमारा वतन)। पंचकेदार कल्पेश्वर की तपोभूमि उर्गम घाटी के अटल उत्कृष्ट राइका उर्गम के मैदान में 27वाँ गौरा देवी पर्यावरण एवं प्रकृति पर्यटन विकास मेला एवं जनदेश स्वैच्छिक संगठन उर्गम जोशीमठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधारोपण, जल, जंगल, जमीन बचाने, वनाग्नि रोकने, पौधे उपहार में भेंट करने व जन जन को प्रेरित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को गौरा देवी सम्मान से मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी चमोली डॉ. राजीव शर्मा, ब्लाक प्रमुख हरीश परमार, लखपत बुटोला, जनदेश संस्था मंत्री लक्ष्मण सिंह नेगी, जितेंद्र कुमार ने सम्मानित किया। डॉ. सोनी ने कहा उर्गम क्षेत्र से मेरा पुराना नाता रहा है यही से मैंने अपनी नौकरी की शुरुआत की थी और 1998 से कल्पेश्वर की भूमि से स्कूल के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने का कार्य शुरु किया था। जनदेश संस्था के सचिव लक्ष्मण सिंह नेगी ने कहा कि पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने उर्गम घाटी में पर्यावरण की अलख जगाई थी और आज पूरे प्रदेश व देश के लोग उनके पौधे उपहार में देने की परम्परा को ग्रहण कर रहे हैं। हमारी संस्था गौरवान्वित हैं उन्होंने एक सच्चे पर्यावरण सेवक को सम्मानित किया है। इस दौरान कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा शर्मा, किरन सोनी, जनदेश कल्पक्षेत्र अध्यक्ष बौणी देवी, अध्यक्ष कल्पक्षेत्र विकास आंदोलन शंकर सिंह चौहान, हीरा कुमार आदि उपस्थित रहे।



# पंडित रविंद्र आचार्य ने किया शनि जयंती पर तेल से अभिषेक

जयपुर (हमारा वतन)। तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने शनि जयंती पर शनि महाराज का तेल से अभिषेक किया। यज्ञाचार्य हरिओम महाराज ने मंत्रोच्चारण कर पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि मैं हर शनि जयंती को चौमूं तहसील के टांकरडा स्थित शनि धाम में आता हूं और शनि महाराज का सरसों के तेल से अभिषेक करता हूं। काली उड़द, काले तिल और जो का दान करता हूं और शनि देव से प्रार्थना करता हूं कि क्षेत्र में सुख शांति रहे। सभी लोगों से अपील है कि शनि जयंती के अवसर पर सभी लोग तेल का दान करें और पीपल में सरसों के तेल का दीपक जलाएं जिससे आपके सारे कष्ट दूर होंगे।

# किसानों को बड़ी राहत - राजस्थान में 6000 से 8000 हुई किसान संबल राशि

जयपुर (हमारा वतन)। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद सीएम भजनलाल शर्मा एक्टिव मोड़ पर आ गए है। सीएम ने वादे के मुताबिक किसान संबल राशि दो हजार रूपये बढ़ा दी है। पहले किसानों को 6 हजार रुपये मिलते थे, अब बढ़कर 8 हजार रुपये मिलेंगे।

बता दें कि बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में किसान संबल राशि 8 हजार रुपये देने का वादा किया था। इसकी जानकारी खुद सीएमओ से साझा की गई है। सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि किसानों को संबल देने के लिए राज्य में सम्मान निधि की राशि 2000 रुपए बढ़ाकर



8 हजार रुपए कर दी गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री के कार्यालय से सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा गया कि किसान को संबल! मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही किसानों को संबल देने के लिए राज्य में सम्मान निधि की राशि 2000 रुपए बढ़ाकर 8 हजार रुपए कर दी गई है। राजस्थान में बजट पेश होने से पहले ही किसानों को लेकर बड़ी घोषणा को फिर से प्रचारित किया गया है। बता दें 30 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के लिए देय वित्तीय सहायता को 6000 से बढ़ाकर 8000 रुपये वार्षिक करने की घोषणा की थी। इसके लिए फरवरी में प्रस्तुत अंतरिम बजट में 1400 करोड़ रुपये का वार्षिक प्रावधान प्रस्तावित किया जा चुका है।



# विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर हुआ वृक्षारोपण

उत्तराखंड (हमारा वतन)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रा.उ.मा. वि. बिझोली में संयोजक-पर्यावरण मित्र / प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक पाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि पर्यावरण- स्वास्थ्य जीवन शैली एवं आस-पास के वातावरण को कैसे स्वच्छ रखे, किचन गार्डन बनाने, बोतल में पौधे लगाने, हम कबाड़ से जुगाड कैसे कर सकते है। इसके बाद वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस दौरान सुधीर सैनी, आकिए द्वानिश, सादिया, निकिता, सोनम, रखना पागल, कहकशा गोयी, सना सामिया नसीम, शाहिद, अरमान, शिवा, दीपक, बादल, वंश, अबंजर, शाहिद आदि ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम में सहयोग किया।



# माली समाज ने किया नीट में प्रथम रैंक प्राप्त समित सैनी का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन)। माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं की कार्यकारिणी द्वारा नीट परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले समित सैनी का सम्मान किया। विकास समिति अध्यक्ष घीसालाल सैनी ने बताया कि सम्मान करने से हौसला अफजाई होती है। आज ग्राम महार कला निवासी समित सैनी पुत्र महेंद्र कुमार सैनी को माला, साफा और मोमेंटो भेंट किया गया। साथ ही मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। वहीं माली समाज ईटावा भोपजी द्वारा भी माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह के दैरान महामंत्री कन्हैया लाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा तहसील अध्यक्ष गैंदी लाल सैनी, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंगोदिया, जय नारायण चंदेल, राजकुमार सैनी ईटावा, बाबूलाल सिंगोदिया, गोवर्धन लाल सिंगोदिया, मदनलाल मालेरिया, कल्याण सहाय कारोड़िया, मनोज तंवर, प्रवीण सैनी, हीरालाल पांच्या,सुरेन्द्र सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# घरेलू गैस कनेक्शन चालू रखने के लिए 30 जून तक करानी होगी KYC

नई दिल्ली (हमारा वतन)। घरेलू गैस कनेक्शन चालू रखने तथा सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए गैस उपभोक्ताओं को 30 जून तक आवश्यक रूप से ई केवाईसी करानी होगी। ई-केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ताओं को अपनी गैस डायरी व आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर बायोमैट्रिक सत्यापन करवाना होगा। उपभोक्ता एजेंसी कार्यालय के अलावा केवाईसी शिविर व हैलो बीपीसीएल मोबाइल एप के माध्यम से भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं।



## बाढ़ नियंत्रण के लिए जिला कलक्टर ने नियुक्त किये इन्सीडेन्ट कमाण्डर

## अतिरिक्त जिला कलक्टर्स को बनाया गया प्रभारी अधिकारी

जयपुर(नि.सं.)। आगामी मानसून सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एवं जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने इन्सीडेन्ट कमाण्डर की नियुक्ति की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 9 इन्सीडेन्ट कमाण्डर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इन्सीडेन्ट कमाण्डर की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्सीडेन्ट कमाण्डर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर महानगर में इन्सीडेन्ट कमाण्डर नगर निगम जयपुर हैरिटेज/ग्रेटर एवं जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर संसाधनों का आंकलन करना एवं बाढ़ की स्थिति में राहत गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल भराव की स्थिति में जल निकासी का प्रबंध करना।




# स्नातक पार्ट प्रथम में ऑनलाइन प्रवेश 10 जून से

चौमूं (हमारा वतन)। शहर के मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-फर्स्ट) की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी। प्राचार्य प्रो. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 जून से स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर-फर्स्ट) के ऑन लाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरे जाएंगे, जिसकी अंतिम तिथि 19 जून है। 22 जून तक ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन होगा।

अंतिम वरीयता व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 24 जून को होगा, जिसके तहत प्रविष्ठ अभ्यर्थी 27 जून तक मूल दस्तावेज का सत्यापन तथा प्रवेश शुल्क जमा करा सकेंगे। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 28 जून को होगा। प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विषय आंवटन 29 जून को होगा। 1 जुलाई 2024 से शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा।

## जॉब्स-

1. आईबीपीएस आरआरबी, पद ऑफिस असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 9995, अंतिम तिथि 27 जून 2024
2. भारतीय स्टेट बैंक, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 174, अंतिम तिथि 27 जून 2024
3. एनपीसीआईएल, पद अस्सिटेंट ग्रेड 1, पद संख्या 58, अंतिम तिथि 25 जून 2024
4. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स बीएसएफ, वाटर विंग ग्रुप बी व ग्रुप के पोस्ट, पद संख्या 164, अंतिम तिथि 1 जुलाई 2024
5. रेलवे इंटीग्रेटेड कोर्स फैक्ट्री चेन्नई, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1010, अंतिम तिथि 21 जून 2024
6. इंडियन एयरफोर्स, पद एएफसीएटी,पद संख्या 277, अंतिम तिथि 28 जून 2024
7. एम्स गुवाहाटी, पद फैकल्टी ग्रुप ए, पद संख्या 79, अंतिम तिथि 17 जून 2024
8. आईआईटीएम पुणे, पद रिसर्च एसोसिएट प्रोजेक्ट साइंटिस्ट व अन्य, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 18 जून 2024




# रिलेशनशिप में झगड़े को लेकर बोले रणबीर कपूर

## आलिया से बहस होने पर मैंबोलता हूं 'सॉरी', कहा- मुझमें ईगो और सेल्फ रिस्पेक्ट नहीं है

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इंडस्ट्री के पावर कपल माने जाते हैं। रणबीर ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने रिश्ते पर बात की। उन्होंने बताया कि जब आलिया और उनकी बहस होती है, तो उनका क्या रिएक्शन होता है। रणबीर ने करीना कपूर खान के साथ बात करते हुए कहा- जब हमारे बीच कभी लड़ाई होती है, तो मैं बस थोड़ी दूरी बना लेता हूं।वहीं आलिया के बारे में बात करते हुए रणबीर ने बताया कि वो ऐसा नहीं करती हैं। वो वकील की तरह पेश आती हैं। अगर उन्हें लगता है कि कुछ गलत हुआ है, तो वो तब तक उस बात को नहीं छोड़ेंगीं, जब तक अपनी बात प्रूफ नहीं कर देतीं।



**मेरे अंदर ईगो नहीं है-**इसके आगे एक्टर ने कहा कि मैं ऐसा लड़का हूं, जिसके पास कोई ईगो नहीं है, सेल्फ रिस्पेक्ट भी नहीं है। सही या गलत होने पर भी मैं सॉरी कहने में बहुत खुश हूं, लेकिन मुझे स्पेस का कॉन्सेप्ट पसंद है। उन्होंने मिर्ची प्लस के लिए करीना कपूर खान के साथ बातचीत करते हुए आगे कहा कि जब किसी कपल में लड़ाई होती है, तो कभी-कभी वो एक-दूसरे को चोट पहुंचाने के लिए ऐसी बातें कह देते हैं, जो शायद उन्हें नहीं कहनी चाहिए। हालांकि, वो कहने का आपका कोई इरादा नहीं होता, लेकिन सामने वाले को लगता है कि आप सोच समझ कर ही बोल रहे हैं।

**रणबीर- आलिया ने 2022 में की थी शादी-**बता दें, रणबीर और आलिया ने 14 अप्रैल 2022 को परिवार और कुछ खास दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। 2017 में फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट पर दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद कपल ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था। एक-दूसरे को 5 साल तक डेट करने के बाद दोनों ने शादी कर ली।

# सीता मां दीपिका चिखलिया नहीं चाहतीं बने रणबीर कपूर की रामायण, कहा- समझ नहीं आता कि...

दीपिका चिखलिया जिन्हें आज भी लोग सीता मां से जानते हैं, उनका कहना है कि वह नहीं चाहतीं कि कोई भी नई रामायण बनाए। रामानंद सागर की रामायण में सीता का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में बसी दीपिका चिखलिया को फैंस काफी पसंद करते हैं। आज भी सब उन्हें सीता माता के नाम से बुलाते हैं। अब दीपिका ने रणबीर कपूर स्टारर रामायण पर अपनी बात रखी है। दीपिका का कहना है कि उनके हिसाब से रामायण बार-बार नहीं बननी चाहिए। जानें दीपिका के ऐसे कहने के पीछे आखिर क्या वजह है।



**नहीं बनना चाहिए रामायण-**दीपिका ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि लोग क्यों बार-बार रामायण बना रहे हैं। लोग रामायण बनाने को लेकर सब खराब कर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि रामायण बार-बार बननी चाहिए क्योंकि हर बार जब लोग बनाते हैं तो कुछ नया करने की कोशिश, नई स्टोरी और नए एंगल या लुक के लिए वो सब खराब कर देते हैं।आदिपुरुष को लेकर दीपिका ने कहा, अब आदिपुरुष में उन्होंने कृति सेनन को पिंक कलर की सैटिन साड़ी पहना दी। सैफ अली खान जो फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे थे उनका लुक अलग कर दिया क्योंकि वो कुछ अलग करना चाहते थे। लेकिन यह सब करके आप रामायण का इम्पैक्ट कम कर रहे हैं।

**रामायण के साथ मत करो छेड़छाड़-**नितेश दिवारी द्वारा निर्देशित रामायण को लेकर दीपिका ने कहा, धार्मिक टेक्स्ट्स् को लेकर लोगों को ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। बस करो ही मत। रामायण को छोड़कर इतनी सारी स्टोरीज हैं जिसपर आप बात कर सकते हैं। फीडम फाइटर्स को लेकर बनाओ फिल्म। क्यों सिर्फ रामायण?

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion



# मोटी लड़कियों को ज्यादा हो सकता है हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम

एक नए अध्ययन में पता चला है कि लड़कियों में मोटापे से जुड़े चयापचय परिवर्तन लड़कों की तुलना में अधिक होते हैं। इनमें उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल संबंधी समस्याएं ज्यादा हैं।हम बार-बार आपको वजन कंट्रोल करने की सलाह यूं ही नहीं देते रहते हैं। असल में आपका वजन आपके स्वास्थ्य को बहुत गहनता से प्रभावित करता है। एक नए अध्ययन ने मोटी लड़कियों को अपने वजन पर नियंत्रण करने की सिफारिश की है। ताकि वे भविष्य में हाई ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी समस्याओं से बची रहें।



**क्या है अध्ययन-**ब्राजील में 92 किशोरों पर किए गए इस अध्ययन के निष्कर्ष फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन जर्नल में प्रकाशित हुए थे। अध्ययन साओ पाउलो विश्वविद्यालय के बायो मेडिकल साइंसेज इंस्टीट्यूट (आईसीबी-यूएसपी) और सांता कासा डी मिसेरिकोर्डिया डी साओ पाउलो में किया गया। इसके मेडिकल स्कूल से संबद्ध वैज्ञानिकों के साथ इसमें एफएपीईएसपी की भी साझेदारी है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ-**अध्ययन के लेखकों के अनुसार, मोटापे से ग्रस्त लड़कियों ने लिपिड प्रोफाइल परिवर्तन का एक पैटर्न देखा और वयस्कता में हृदय रोग विकसित करने की उच्च प्रवृत्ति प्रदर्शित की। जबकि जिन लड़कियों का वजन नियंत्रित था, उनमें यह पैटर्न नहीं देखा गया।एस्टीफेनिया सिमोस, लेख की पहली लेखक ने कहा, हमने पाया कि लड़कियों में मोटापे के परिवर्तन अधिक पाए जाते है, जैसे कि उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया। हमारे अध्ययन में, उन्होंने ट्राइग्लिसराइड्स और एलडीएल खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर में वृद्धि की। जबकि उनमें एचडीएलअच्छा कोलेस्ट्रॉल यूट्रोफिक (सामान्य वजन) लड़कियों की तुलना में कम था। शोधकर्ताओं ने बताया कि अध्ययन में शामिल मोटे लड़कों के लिपिड प्रोफाइल में सामान्य वजन वाले लड़कों से ज्यादा अंतर नहीं था।

**क्यों जरूरी है इस पर ध्यान देना-**स्वास्थ्य अधिकारियों और क्षेत्र के वैज्ञानिकों के बीच बच्चों में बचपन में मोटापा एक बढ़ती हुई चिंता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में 5-19 वर्ष के लगभग 340 मिलियन बच्चे 2016 में अधिक वजन वाले या मोटे बच्चे थे।हालांकि मोटापे के प्रभाव के संदर्भ में लड़कों और लड़कियों के बीच मतभेदों का गहराई से अध्ययन नहीं किया गया है। सिमोस ने बताया, हमने मोटे और सामान्य लड़कियों और लड़कों की तुलना 11-18 वर्ष की उम्र में की थी। साथ ही साथ सेक्स-निर्भर प्रतिक्रियाओं पर विशेष जोर देने के साथ, एन्थ्रोपोमेट्रिक, लिपिड और लिपोप्रोटीन प्रोफ़ाइल और हार्मोन और न्यूरोपेप्टाइड स्तर के बारे में भी अध्ययन किया।

हमारे ज्ञान में, इस तरह का यह पहला अध्ययन है।अध्ययन रिकार्ड रियॉइटी उचिदा के साथ किया गया था, जो एक न्यूरोलॉजिस्ट और मनोचिकित्सक थे। इन्होंने प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर के रूप में काम किया और साओ पाउलो में सांता कासा डे मिसेरीकिया अस्पताल के चाइल्ड ओबेसिटी आउट पेशेंट क्लिनिक में 92 प्रतिभागियों की भर्ती की। उचिदा ने न्यूरोइमेजिंग का उपयोग ये पता लगाने की कोशिश करने के लिए किया कि क्या मोटापे से ग्रस्त विषयों में तृप्ति और भूख से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में परिवर्तन होते हैं। जिससे महिलाओं में हृदय रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती हैसिमोस ने कहा, इस विषय पर एक लेख प्रकाशित होने वाला है, जो मोटे रोगियों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के लक्षणों पर केंद्रित है। उचिदा कई वर्षों से किशोर मोटापे का अध्ययन कर रही हैं। एससीएमएसपी टीम ने कुल कोलेस्ट्रॉल (टीसी), उच्च घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल), कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल), और ट्राइग्लिसराइड्स , बहुत कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल के उपवास सीरम एकाग्रता को मापने के लिए विषयों का रक्तचाप(ब्लड प्रेशर) लिया और रक्त के नमूने जमा किए।

# स्किनकेयर गलतियां बना देती हैं आपकी ड्राई स्किन को और भी ज्यादा खराब

कुछ ऐसी सामान्य गलतियां हैं, जो शुष्क त्वचा की समस्या को बढ़ा सकती हैं। सुनिश्चित करें कि आप ड्राई स्किन केयर की ये गलतियां न करें।शुष्क त्वचा का आपकी स्किन हेल्थ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल आपकी त्वचा को परतदार बनाती है, बल्कि समय से पहले उम्र बढ़ने के संकेत जैसे झुर्रियां और महीन रेखाएं भी पैदा कर सकती है। हालांकि, आप अपनी त्वचा के प्रकार को बदल नहीं सकती, लेकिन आप यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि आपकी त्वचा हाइड्रेटेड रहे। जहां गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं है!ऐसे कई कारक हो सकते हैं, जो आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं। अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आपको इन कारकों को अपनी दिनचर्या से बाहर करने की जरूरत है।



आइये जानते हैं उन गलतियों के बारे में जिन्हें आपको करने से बचना चाहिए

1. **हल्के मॉइस्चराइजर का उपयोग करना-**रूखी त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल बहुत जरूरी है। लंबे समय तक हाइड्रेशन प्रदान करने में मदद करने के लिए हल्के वॉटर बेस्ड मॉइस्चराइजर का उपयोग करने का प्रयास करें। लेकिन, यदि आप मॉइस्चराइजर के हल्के फॉर्मूलेशन का उपयोग कर रही हैं, तो यह त्वचा में पूरी तरह से प्रवेश नहीं करेगा या जल्दी से खत्म हो सकता है। तो, सही मॉइस्चराइज़र चुनें जो त्वचा पर हल्का हो, लेकिन हाइड्रेटिंग से समझौता न करे।
2. **हार्श क्लींजर का प्रयोग करना-**आपको अपनी त्वचा के प्रकार के आधार पर क्लीन्ज़र चुनने की ज़रूरत है। कठोर क्लीन्ज़र का उपयोग करने से सूखापन, जलन और सूजन हो सकती है। ये त्वचा के प्राकृतिक तेल को छीन सकते हैं, जिससे रूखेपन की समस्या और बढ़ जाती है।
3. **देर तक हॉट शॉवर लेना-**गर्म पानी से नहाने से आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसके अलावा, यह लालिमा और खुजली पैदा कर सकता है। समय के साथ, यह आपकी त्वचा को महीन रेखाओं और झुर्रियों के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है। इसके बजाय, गुनगुने पानी का उपयोग करें!
4. **अपना मेकअप नहीं उतारना-**यह सबसे बुरी गलती है जो आप कर सकती हैं, खासकर यदि आपकी रूखी त्वचा है। मेकअप आपकी त्वचा को सांस लेने से रोकता है। इसे न हटाने से रूखी त्वचा की समस्या और बढ़ सकती है। वास्तव में, यह आपके छिद्रों को बंद कर सकता है और परिणामस्वरूप मुंहासे हो सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप सभी मेकअप को हटाने के लिए अपना चेहरा साफ करें।
5. **अल्कोहल-आधारित टोनर का उपयोग करना-**अल्कोहल-आधारित टोनर आपकी त्वचा के रूखेपन को बढ़ा सकते हैं। कई टोनर में अल्कोहल और प्रोपलीन ग्लाइकोल जैसे तत्व होते हैं, जो सूखापन को तेज कर सकते हैं। ऐसे टोनर का इस्तेमाल करें जो अल्कोहल फ्री हो। गुलाब जल जैसे प्राकृतिक टोनर का उपयोग करें जो त्वचा के लिए सुखदायक हो।
6. **एक्सफोलिएशन से बचें-**परतदार और मृत त्वचा को हटाने के लिए आपको अपने चेहरे को एक्सफोलिएट करना होगा। अगर यह कदम आपकी स्किन केयर रूटीन से गायब है, तो यह सुस्ती और रूखापन की ओर ले जाएगा।

डाक पंजीयन संख्या : RJ/JPM/158/2024-26
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन
जयपुर, सोमवार, 10 जून, 2024

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अब भी मोदी सबसे बड़े वर्चस्वी नेता

अठाहरवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए।इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ईवीएम और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है। भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है।इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में 'आप' का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी? क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं? यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे? क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा? नीतिगत स्थिरता का क्या होगा? शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। देश एक बार फिर गठबंधन सरकारों के युग में प्रवेश कर रहा है। अब यह एक हकीकत है कि मौजूदा जनादेश के मद्देनजर गठबंधन सरकार बनाना भाजपा की मजबूरी हो गई है। निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने और अल्पमत में सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने में बड़ा फर्क है।


राम गोपाल सैनी


मुख्यमंत्री की उच्च स्तरीय बैठक

# ताजेवाला हैडवर्क्स के लिए आगामी चार माह में बनाएं डीपीआर :मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ईआरसीपी तथा ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैं, ऐसे में इनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी परियोजना के तहत भूमि अवाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार कार्मिकों को नियोजित कर परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि आमजन को समय पर इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आगामी चार माह में ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजना के लिए भी डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में ईआरसीपी तथा ताजेवाला हैडवर्क्स परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ईआरसीपी परियोजना के राजस्थान पार्ट की डीपीआर का कार्य केन्द्र सरकार से समन्वय कर शीघ्र पूरा कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन भी बांधों को परियोजना के माध्यम से जोड़ना है वहां पर स्वंय जाकर भौतिक स्थिति का अवलोकन करें। मुख्यमंत्री ने नवनेरा बैराज में इसी वर्ष कार्य पूर्ण कर जल भरे जाने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में ईआरसीपी परियोजना की प्रगति के बारे में बताया गया कि सभी जिलों में भूमि अवाप्ति अधिकारी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर कमेटी का गठन किया जा चुका है। परियोजना के प्रथम चरण में 132 गांवों की 6 हजार 409 हेक्टेयर भूमि की अवाप्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। साथ ही, ईसरदा से रामगढ़ बांध की डीपीआर भी तैयार की जा चुकी है। शर्मा ने परियोजना के अंतर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी कार्यालय खोलने तथा वाईल्डलाइफ क्लीयरेन्स व वन भूमि प्रत्यावर्तन की कार्यवाही शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिए।

# संसद में मिले चिराग पासवान और कंगना रनौत, गले लगाकर किया एक दूसरे का स्वागत

नई दिल्ली(एजेंसी) । बॉलीवुड एक्ट्रेस और मंडी से चुनाव जीत कर संसद भवन पहुंची कंगना रनौत संसदीय दल की मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली में हैं। जब वह शुक्रवार को संसद परिसर पहुंची तो उनकी मुलाकात अपने पुराने को-स्टार और लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान से हुई। दोनों ने कैमरे के लिए जमकर पोज दिए। बता दें कि चिराग पासवान और कंगना रनौत ने 2011 में रिलीज हुई फिल्म मिले ना मिले हम में साथ काम किया था। इस फिल्म में चिराग ने जहां टेनिस प्लेयर का किरदार निभाया था, वहीं कंगना सुपरमॉडल के रोल में थी। फिल्म में दोनों का रोमांटिक एंगल देखने को मिला था। बॉलीवुड इंडस्ट्री में शुरू हुई ये दोस्ती अब राजनीति के गलियारे में भी दिखी। संसद परिसर में दोनों ने गले लगाकर एक-दूसरे का स्वागत किया।




## कविता

# (तपिश)

सूचकांक तीव्र गति से
बढ़ रहा सर्वस्व को
कौन रोके ताप के इस
अश्वमेघ के अश्व को

मेघ से आशा है अब के
वे एकजुट लव -कुश बनेंगे
रोकेंगे इस काल -तप को
बारिश के वारिस बनेंगे

सूर्य के तेज तप को
जल की अगाध आहूति देकर
धरा के एक -एक कण को
भीगने की स्वीकृत देकर

बादलों ! मोर्चा सम्भालो
इस तपिश को घेर डालो
फिर रही अहर्निश मुसलसल
इसपे निगाहें फेर डालो

बादलों की फ़ौज भी अब
जुट रही है धीरे -धीरे
तपिश के समक्ष आके शायद
गड़गड़ाहट की तान टेरे

सूर्य के इस ताप को
कम करने का बरदान माँगा
शजर के आँचल में बैठा
टांगिये से ज्ञान माँगा

मौन अधरों से शजर फिर
कान में धीरे से बोला
मुझको काटकर ही सबने
धरती बनाई आग गोला

जो किया है उसको भुगतो
चाहे फिर प्रायश्चित कर लो
राशियों के अंक बराबर
मुझे लगाओ निश्चित कर लो


सिद्धार्थ गोरखपुरी




# बदमाश थानेदार से बोला- वर्दी उतरवा दूंगा

जयपुर। जयपुर में धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को पकड़ने गए दो पुलिस कॉन्स्टेबल को 30 मिनट तक बंधक बनाकर रखा गया। जवाहर सर्किल थाने के एएसआई अमर सिंह मीणा के पुलिस कंट्रोल रूम से मदद मांगी। इसके बाद भट्टा बस्ती और शास्त्री नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बंधक बनाए गए दोनों कॉन्स्टेबल को छुड़ाया। इस बीच आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग निकला। जिस पर पुलिस ने आरोपी के बेटे को हिरासत में ले लिया है। जवाहर सर्किल थाने के एएसआई अमर सिंह ने बताया- आरोपी नवल के खिलाफ थाने में 75 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। नवल को कई बार थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया गया। लेकिन वह नहीं आया। इस पर गुरुवार सुबह टीम आरोपी से पूछताछ के लिए उसके घर पहुंची।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा